Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Demand for construction of ROB and underpass at Saharsa.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा) : माननीय सभापति महोदय, पूर्व मध्य रेलवे के हाजीपुर के अंतर्गत समस्तीपुर डिवीजन के सहरसा जंक्शन पर कोई न कोई गाड़ी आने से सभी रेलवे ढाले बंद कर दिए जाते हैं।

सहरसा-सोनवर्षा कचहरी के बीच परमिनियाँ हॉल्ट से सटे उत्तर ढाला को सील कर दिया गया है। इससे परमिनियाँ एवं दुधैला के किसानों को खेती के कार्य से भी आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सर्वा ढाला प्राय: बंद रहता है। यही हाल सहरसा से सहरसा कचहरी के बीच है, जहां गंगजला ढाला बराबर बंद रहने से आम लोगों को भारी दिक्कत होती है।

अत: जनहित में, मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि सोनवर्षा कचहरी – सहरसा जंक्शन के बीच परमिनियाँ ढाला, सर्वा ढाला एवं सहरसा – सहरसा कचहरी के बीच गौतम नगर से उद्योग कार्यालय के बीच अंडरपास और गंगजला ढाला पर लाइट आरओबी का निर्माण कराया जाए।

धन्यवाद।